दिनांक- 24.11.2024 समय- 02.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

मन की बात–मध्य प्रदेश

आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के एक सौ सोलहवें संस्करण में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के खतरे से बचाने का प्रयास करने वाले युवाओं के बारे में बात की। श्री मोदी ने बुजुर्गों को मोबाइल से भुगतान करना सिखाने के लिए भोपाल के महेश की तारीफ की है। श्री मोदी ने कहा कि भोपाल के महेश ने बुजुर्गों को पेमेंट करना सिखाया है।

श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग ऐसे अपराधों के सबसे आसान शिकार होते हैं और उन्हें साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने दोहराया कि सरकार में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। प्रधानमंत्री ने इंदौर में अभियान के अंतर्गत पेड़ लगाने का रिकॉर्ड की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इंदौर शहर में 24 घंटे में 12 लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

मन की बात

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। श्री मोदी ने अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर दिल्ली में 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' आयोजित करने की घोषणा की। देश हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस मनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संवाद में पूरे देश से करोड़ों युवा भाग लेंगे। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। श्री मोदी ने गौरैया के बारे में बात करते हुए इस बात पर बल दिया कि जैव–विविधता को बनाए रखने में गौरैया की प्रमुख भूमिका है। प्रधानमंत्री ने बच्चों के जीवन में गौरैया को वापस लाने के लिए किए जा रहे कुछ अनूठे प्रयासों के कुछ उदाहरण दिए।

सर्वदलीय बैठक

संसद के कल से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले आज सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। नई दिल्ली मेंहुई इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

ने की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी भी विषय पर चर्चा के लिये तैयार है, लेकिन सदन में काम होना चाहिए हंगामा नहीं। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा।

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज से यूके और जर्मनी के दौरे पर हैं। इस दौरान प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्र–संस्करण के क्षेत्र में निवेश के लिये उद्योगपतियों एवं निवेशकों से वन–टू–वन चर्चा करेंगे। यह दौरा 30 नवंबर तक चलेगा।

## इफ्फी

गोवा में 55वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव– इफ्फी में आज भी विभिन्न गतिविधिया जारी है। इसमें युवा बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। इस वर्ष महोत्सव की थीम है– युवा फिल्म निर्माता– भविष्य अभी है। इस बीच क्रियेटिव माइंड्स ऑफ टूमॉरो और बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर जैसे युवा केन्द्रित चैलेंज आयोजित करने के अलावा, सरकार ने महोत्सव में देशभर से चार सौ से अधिक युवा फिल्म विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की है।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर मे 16 और 17 दिसंबर को एनआरआई समिट आयोजित होगी। इस दो दिवसीय समिट का उद्देश्य, एनआरआई और स्थानीय लोगों के बीच संवाद बढ़ाना और इंदौर के विकास कार्यों पर चर्चा करना।
- नर्मदापुरम जिले में पराली जलाने पर पूर्णत प्रतिबंध लगा दिया गया है।जिला प्रशासन ने सभी किसानों, ग्रामीणों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।
- भारत आस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारत ने 6 विकेट पर 414 रन बना लिये हैं। भारत की कुल लीड 460 रनों की हो गई है।

--------------------------------